Regarding utilization of gelatin base in bio-fertilizers-laid

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : जैव उर्वरक श्रेणियों में कैप्सूल इन जेलाटिन बेस का उपयोग किये जाने से तकनीकी रूप से किसानों और कृषि के लिये लाभदायक हो सकती हैं । हाल के संशोधनों में इसे शामिल नहीं किया गया है । 01 दिसम्बर 2018 को राजपत्रित अधिसूचना एस.ओ. संख्या 5887 (अनुलग्नक 01) में जहां भी लिक्विड बेस्ड शब्द का प्रयोग हुआ है उसे लिक्विड बेस्ड या कैप्सूल इन जेलाटिन बेस से प्रतिस्थापित किये जाने से जैव उर्वरक की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है उक्त संशोधन पूरे देश के किसानों के लिये लाभकारी सिद्ध होगा एवं जैव उर्वरको को अपनाने में वृद्धि होगी एवं रासायनिक उर्वरको का उपयोग कम होगा । अतः मेरा माननीय कृषि मंत्री से अनुरोध है उक्त संबंध में समुचित दिशा निर्देश जारी करें जिससे कि हमारे किसान भाईयों को लाभ प्राप्त हो सके ।